# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8377917640

क्रमांक : F.8(8)Misc./NSS/CCE/2022/Part-01683 दिनांकः यथा हस्ताक्षर

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– विभिन्न बजट घोषणाओं के कार्यक्रमों के भव्य एवं सफल आयोजन हेतु।
सन्दर्भः– शासन सचिव, राजस्थान युवा बोर्ड, जयपुर के पत्र क्रमांक प. 1(19)रायुबो/2024 जयपुर दिनांक 04.12.2024 एवं संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर के पत्रांक प. 10(15)शिक्षा/ग्रुप–3/2024–03928 जयपुर दिनांक 04.12.2024

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024–25 में राजस्थान युवा बोर्ड में विभिन्न बजट घोषणाए की गई है। उक्त विभिन्न बजट घोषणाओं के भव्य एवं सफल आयोजन हेतु प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि कि निम्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करे–

1. **युवा महोत्सव** – ब्लॉक जिला, संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन दिनांक 30 नवम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सफल आयोजन हेतु आपके महाविद्यालय के विद्यार्थियों का राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें।

2. **यूथ आईकॉन पुरस्कार** – राज्य के 15–29 वर्ष के मध्य आयु वर्ग के युवाओं का विभिन्न क्षेत्रों जैस कला व संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान तकनीकी, संचार एवं प्रोद्योगिक, नवाचार, उच्च शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को यूथ दिवस (12 जनवरी) पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार की भांति राजस्थान यूथ आईकॉन पुरस्कार दिया जायेगा। इस हेतु आपके महाविद्यालय से अधिक से अधिक विद्यार्थियों का राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें।

3. **स्वामी विवेकानन्द मास** – प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में 12 दिसम्बर 2024 से 12 जनवरी 2025 स्वामी विवेकानन्द मास का आयोजन करवाया जाना है। उक्त के अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी, निबन्ध, कविता, खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं सार्वजनिक स्थानों पर **"सेवा से सीखे" "आवो भाई करो सफाई"** का आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

(डॉ.कृष्ण कुमार कुमावत)
राज्य समन्वयक
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ

प्रतिलिपिः–
1. शासन सचिव राजस्थान युवा बोर्ड, जयपुर के पत्र क्रमांक प. 1(19)रायुबो/2024 जयपुर दिनांक 04.12.2024 राजकाज न. 12225686 के क्रम में सूचनार्थ।
2. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर के पत्रांक प.10(15)शिक्षा/ग्रुप–3/2024–03928 जयपुर दिनांक 04.12.2024 के क्रम में सूचनार्थ।
2. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड/ई–मेल हेतु।

(डॉ.कृष्ण कुमार कुमावत)
राज्य समन्वयक
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ

Signature valid
Digitally signed by Krishan Kumar Kumawat
Designation : Assistant Professor
Date: 2024.12.13 09:53:49 IST
Reason: Approved

# राजस्थान युवा बोर्ड

(युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार)
सवाई मानसिंह स्टेडियम, प्रथम तल, जयपुर– आईपी नम्बर –23957

क्रमांकः प. 1(19)रायुबो/2024 जयपुर, दिनांक : यथा हस्ताक्षर

(ID No.)......1095......(SPS/CCE)
(Date)........9/12/24........

समस्त जिला कलक्टर एवं
पदेन अध्यक्ष, जिला युवा बोर्ड
राजस्थान।

**विषयः– विभिन्न बजट घोषणाओं के कार्यक्रमों के भव्य एवं सफल आयोजन बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024–25 में राजस्थान युवा बोर्ड में विभिन्न बजट घोषणाओं की गई है, उक्त विभिन्न बजट घोषणाओं के कार्यक्रमों के भव्य एवं सफल आयोजन आपके मार्गदर्शन में निम्नानुसार किया जाना है :–

1. **''युवा महोत्सव''**– ब्लॉक, जिला, संभाग स्तरीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु आपके मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। युवा महोत्सव (ब्लॉक, जिला, संभाग) दिनांक 30 नवम्बर, 2024 से 25 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन एवं सफल आयोजन किया जावें।
2. **''यूथ आईकॉन पुरस्कार''**– राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को 'यूथ आईकॉन आवार्ड' आंमत्रित किये जा रह है। जिसमें अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करावें।
3. **''रन फॉर विकसित राजस्थान''**– 2024 (रवि–राज) 12 दिसम्बर, 2024 के आयोजन के संबंध में समस्त व्यवस्था करावें।
4. **''स्वामी विवेकानन्द मास''**– 12 दिसम्बर, 2024 से 12 जनवरी, 2025 तक विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे – प्रश्नोत्तरी, निबन्ध, कविता, खेल प्रतियोगिताओं का एवं सार्वजनिक स्थानों पर ''सेवा से सीखे'', आवो भाई करो सफाई का आयोजन किया जाना है।
5. **''विकसित भारत यंग लिडरशिप डायलोग''** – युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रानुसार ''विकसित भारत यंग लिडरशिप डायलोग'' के अन्तर्गत माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता करावें।

उक्त सभी कार्यक्रमों/गतिविधियों की सूचना/रिपोर्ट माय भारत पोर्टल पर अपलोड करवाकर उक्त सूचना इस विभाग को अवगत करावें।

**अतः आपसे आग्रह है कि उक्त विभिन्न बजट घोषणाओं के कार्यक्रमों के भव्य एवं सफल आयोजन आपके मार्गदर्शन में करवाने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश प्रदान करावें एवं अद्योहस्ताक्षरकर्ता को भी अवगत करवाने का श्रम करावें।**

आपके त्वरित सहयोग की आशा में।

JD (Aca) NSS Coord.
2
5.12.24
NSS-Cordinator
9/12/24
10/12/24
526
9/12/24

(डॉ. नीरज के. पवन)
शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग एवं
अध्यक्ष, राजस्थान युवा बोर्ड

RajKaj Ref
12225686

Signature valid
Digitally signed by Neeraj K. Pawan
Designation: Secretary To Government
Date: 2024.12.0? ?8:10:35 IST
Reason: Approved

कार्यालय टिप्पणी

राजस्थान सरकार,
युवा मामले एवं खेल विभाग

विषयः "राजस्थान यूथ आइकॉन पुरस्कार" हेतु अधिक से अधिक युवाओं का रजिस्ट्रेशन बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि बजट घोषणा संख्या 2024—25 बिन्दु संख्या 67 राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज़ पर Youth Day (12 जनवरी) के अवसर पर राज्य युवा महोत्सव आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार की भांति Rajasthan Youth Icon Award दिया जायेगा।

15—29 वर्ष के मध्य आयु वर्ग के युवा को युवा आइकॉन पुरस्कार देकर प्रोत्साहन किया जायेगा। जिसमें राज्य में विभिन्न क्षेत्रों जैसे— कला व संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान तकनीकी, संचार एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण तथा स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं की खोज करके चयनित युवाओं को राज्य युवा महोत्सव में युवा आइकॉन पुरस्कार वितरण किया जाना प्रस्तावित है। यूथ आइकॉन पुरस्कार से संबंधित दिशा निर्देश/नियम शर्ते राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

"यूथ आइकॉन पुरस्कार" हेतु 15—29 वर्ष के प्रतिभाशाली युवाओं का पंजीयन/रजिस्ट्रेशन राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट https://youthboard.rajasthan.gov.in/ पर अधिक से अधिक करवाने का श्रम करावें।

आपके त्वरित सहयोग की आशा में।

(डॉ. नीरज कुमार पवन)
शासन सचिव,
युवा मामले एवं खेल विभाग

अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव
विभाग, शिक्षा विभाग (तकनीकी एवं उच्च शिक्षा) (माध्यमिक शिक्षा)
राजस्थान सरकार।

अशा.टीप.क्रमांक प.1(19)रायुबो/2024/पार्ट फाईल
जयपुर, दिनांकः—

RajKaj Ref
12083436

Signature valid
Digitally signed by N[illegible] K. Pawan
Designation: Secretary To Government
Date: 2024.11.[illegible] [illegible]4:29:54 IST
Reason: Approved